**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएं स्टूडेंट : गोयल



पलवल. वाईएमसीए विश्वविद्यालय के 9वें संस्थापना दिवस पर केट काटते हुए उद्योग मंत्री श्री विपुल गोयल तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय का संस्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय में प्री-फेब्रीकेटिड तकनीक से निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान मुख्यातिथि उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने भवन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में चल रहे डिजिटलाइजेशन की पहुंच प्रत्येक क्षेत्र तक ले जाने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभाएं। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हरियाणा उद्यमी प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है। उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए सभी प्रकार की अनुमति समयबद्ध रूप से करने का प्रावधान किया गया है। सरकार द्वारा गुड़गांव में आयोजित पहली डिजिटल समिट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार नागरिक सेवाओं की उपलब्धता को सुगम बनाने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दे रही है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय आने वाले दिनों के लिए अहम योजनाओं पर काम कर रहा है। इस दौरान गोयल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आल टेरेन व्हीकल को भी इस दौरान प्रदर्शित किया गया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय पर आधारित एक डाक्यूमेंटरी प्रदर्शित की गई। विद्यार्थी क्लब द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान उद्योग मंत्री ने 25 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके प्रोफेसर डा. तिलक राज व डा. एमएल अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर डा. पूनम सिंघल, दो वरिष्ठ अनुदेशक धर्मवीर व मुकेश कुमार, एचओएस विकास कुमार, सहायक सतपाल व दिनेश अरोड़ा, क्लर्क शिवराज, हेल्पर अटेंडेंट पप्पी कुमार व ईश्वरी देवी को सम्मानित किया।

**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# डिजिटाइजेशन जन-जन तक पहुंचाएं : विपुल गोयल



वाईएमसीए विश्वविद्यालय के 9वें स्थापना दिवस पर केट काटते हुए उद्योग मंत्री विपुल गोयल तथा कुलपति प्रो . दिनेश कुमार व उद्यमी नरेंद्र गुप्ता ● जागरण

जासं, फरीदाबाद : वाइएमसीए यूनिवर्सिटी के 9वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्योगमंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान कॉरपोरेट मंत्रालय के निदेशक अनिल भारद्वाज और भारती एयरटेल के चीफ रेगुलेटरी ऑफिसर रवि गांधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि देश व प्रदेश में चल रहे डिजिटाइजेशन की पहुंच प्रत्येक क्षेत्र तक ले जाने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभाएं। इससे पूर्व विश्वविद्यालय में प्री-फेब्रीकेटेड तकनीक से निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इन भवनों को 87 लाख रुपये की लागत से तीन माह की रिकार्ड अवधि में तैयार किया गया है। इस तकनीक का इस्तेमाल पहली बार किसी शिक्षण संस्थान में भवन निर्माण के लिए किया गया है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान उद्योगमंत्री विपुल गोयल ने स्थापना दिवस पर केक काटा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए संस्थापना दिवस पुराने दिनों को याद करने तथा भविष्य की योजनाओं के लिए आत्म मंथन का दिन होता है। विश्वविद्यालय भी आने वाले दिनों के लिए अहम योजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें विद्यार्थियों की क्षमता को पांच हजार तक ले जाने तथा नये एडवांस पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल है।

**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**HINDUSTAN**

युवा



वाईएमसीए विवि में शनिवार को 9वां संस्थापना दिवस मनाया ....पेज 22

# छात्रों ने प्रतिभा दिखाकर लुभाया

संस्थापना दिवस

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार को 9वां संस्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर नटराज ग्रुप के छात्रों ने कई कार्यक्रम पेश किए। वहां मौजूद छात्रों ने खूब मौज मस्ती की। नई तकनीक का भी जलवा दिखाया गया। नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उद्योग मंत्री विपुल गोयल मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद नटराज ग्रुप की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य पेश किया। इसके बाद पंजाबी भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कॉरपोरेट मंत्रालय के निदेशक अनिल भारद्वाज, भारती एयरटेल के मुख्य रेगुलेटरी अधिकारी रवि गांधी, वाईएमसीए के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा, भाजपा नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, उद्योगपति एवं वाईएमसीए के भूतपूर्व विद्यार्थी नवीन सूद, अनिल भाटिया भी उपस्थित थे।



वाईएमसीए में शनिवार को 9वें संस्थापना दिवस पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। • हिन्दुस्तान

## डिजिटल इंडिया का ब्रांड एम्बेसडर है छात्र

छात्रों का रुझान आईटी के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। हमारे देश के युवा विदेशों में जाकर उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। 200 से अधिक देश और विदेशों में भारतीय विद्याथी उच्च पदों पर कार्यरत हैं। यह जानकारी उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने दी। उन्होंने कहां कि प्रदेश सरकार की ओर हरियाणा उद्यमी प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है। उद्यमियों और स्टार्ट-अप के लिए सभी प्रकार की अनुमति समयबद्ध रूप से करने का प्रावधान किया गया है। गुड़गांव में आयोजित पहली डिजिटल समिट का जिक्र करते हुए प्रदेश के आईटी क्षेत्र में बेहतर करने वाले प्रोफेशनल को प्रदेश में ही रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वह विदेशों में नहीं जाएं।

## ऑल ट्रेन व्हीकल का प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के दौरान तैयार किया गया ऑल ट्रेन व्हीकल (एटीवी) को प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा तैयार व्हीकल को चलाकर सीढ़ी के माध्यम से स्टेज पर लाया गया। इसके बाद उसे चलाकर नीचे लाया गया। इस दौरान मैदान में व्हीकल के पिछले चक्के में जमीन पर बिछी दरी फंस गई थी। इसलिए उसे चढ़ाने में छात्रों को थोड़ी दिक्कत हुई। चक्के में फंसी दरी को कुछ छात्रों ने व्हीकल को उठाकर निकाला। इसके बाद उसे स्टेज पर चढ़ा कर दिखाया गया।

## कर्मचारियों का सम्मान

विश्वविद्यालय में 25 वर्ष की सेवाएं पूरी कर चुने करीब एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मालूम हो कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान को शुरू किया गया था। 1 दिसंबर 2009 को इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था। शिक्षण संस्थान के रूप में वाईएमसीए ने अपने 48 वर्ष पूरे किए हैं।

## छत पर तैयार किया गया प्री फेब्रीकेटेड कमरा

वाईएमसीए की नई बिल्डिंग की छत पर करीब 80 लाख रुपये की लागत से प्री-फेब्रीकेटिड से करीब 18 सौ स्क्वायर फुट में पांच कमरे तैयार किए गए हैं। प्रत्येक कमरे में एक साथ 75 छात्र बैठ सकते हैं। इसे स्मार्ट क्लास के रूप में तैयार किया गया है। प्रत्येक कक्षा में पढ़ाई के दौरान प्रोजेक्टर का प्रयोग किया जा सकता है। भवन पुराना होने के कारण राष्ट्रीय भवन निर्माण कंपनी (एनबीसीसी) ने पांचवां तल बनाने की स्वीकृति नहीं दी थी। इसे ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है। तेज हवा के दबाव को कम करने के लिए उपकरण लगाए गए हैं जिससे प्री-फेब्रीकेटिड कमरे में किसी प्रकार की दिक्कत हो।

## आत्म मंथन का दिन

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा, स्थापना दिवस एक महत्वपूर्ण और आत्ममंथन का दिन होता है। पिछले दो वर्षों में तेजी से विश्वविद्यालय में तेजी से विकास हो रहा है। यहां सात यूजी और कई पीजी पाठ्यक्रम की पढ़ाई हो रही है।

## छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई

प्रशासनिक भवन के गैलरी में छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान फोटो प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए जिसे छात्रों ने स्वयं तैयार किया था। उद्योग मंत्री ने प्रत्येक फोटो को ध्यान से देखा।

**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**DAINIK TRIBUNE**

## वाईएमसीए विवि में स्थापना दिवस पर बोले विपुल गोयल

# डिजिटाइजेशन में भूमिका निभायें विद्यार्थी

फरीदाबाद, 16 सितम्बर (हप्र)

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि देश व प्रदेश में चल रहे डिजिटाइजेशन की पहुंच प्रत्येक क्षेत्र तक ले जाने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभायें। उद्योग मंत्री आज यहां वाईएमसीए विश्वविद्यालय के 9वें संस्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कॉरपोरेट मंत्रालय के निदेशक अनिल भारद्वाज तथा भारती एयरटेल के चीफ रेगुलेटरी ऑफिसर रवि गांधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इससे पूर्व विपुल गोयल ने विश्वविद्यालय में प्री.फेब्रीकेटिड तकनीक से निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इन भवनों को 87 लाख रुपये की लागत से तीन माह की रिकार्ड अवधि में तैयार किया गया है। इस तकनीक का इस्तेमाल पहली बार किसी शिक्षण संस्थान में भवन निर्माण के लिए किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उद्योग मंत्री स्मृति चिन्ह प्रदान किया तथा उनकी उपस्थिति में विश्वविद्यालय की सालगिरह का केट काटा गया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा, भाजपा के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, उद्योगपति एवं वाईएमसीए के भूतपूर्व विद्यार्थी नवीन सूद, अनिल भाटिया भी उपस्थित थे।

दैनिक ट्रिब्यून Sun, 17 September 2017
epaper.dainiktribuneonline.com//c/22236589

**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विवि में नए भवनों का उद्‌घाटन

फरीदाबाद, 16 सितम्बर (पंकेस): वाईएमसीए विश्वविद्यालय में शनिवार को उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने प्री-फेब्रिकेटेड तकनीक से निर्मित भवनों का उद्‌घाटन किया। बताया गया कि इस भवन का निर्माण कार्य 87 लाख रुपए की लागत से किया गया है और निर्माण कार्य को लगभग 3 महीने में पूरा किया गया।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार भवन निर्माण में प्री-फेब्रिकेटेड तकनीकी का इस्तेमाल पहली बार किसी शिक्षण संस्थान में किया गया है। शनिवार को विश्वविद्यालय के 9वें स्थाना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह देश व प्रदेश में चल रहे डिजिटाइजेशन की पहुंच प्रत्येक क्षेत्र तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाये। इस दौरान समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कॉरपोरेट मंत्रालय के निदेशक अनिल भारद्वाज तथा भारती एयरटेल के चीफ रेगुलेटरी ऑफिसर रवि गांधी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हरियाणा उद्यमी प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है तथा उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए सभी प्रकार की अनुमति समयबद्ध रूप से करने का प्रावधान किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय भी आने वाले दिनों के लिए अहम योजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें विद्यार्थियों की क्षमता को 5 हजार तक ले जाने तथा नये एडवांस पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sun, 17 September 2017
epaper.punjabkesari.in//c/2223706

**AMAR UJALA**

# डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएं छात्र

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय के 9वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद

हरियाणा के उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि देश व प्रदेश में चल रहे डिजिटलाइजेशन की पहुंच प्रत्येक क्षेत्र तक ले जाने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभाएं। सरकार नागरिक सेवाओं की उपलब्धता को सुगम बनाने के दृष्टिगत प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दे रही है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उद्योग मंत्री वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 9वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कॉरपोरेट मंत्रालय के निदेशक अनिल भारद्वाज तथा भारती एयरटेल के चीफ रेगुलेटरी ऑफिसर रवि गांधी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने विश्वविद्यालय में प्री-फेब्रीकेटिड तकनीक से निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इन भवनों को 87 लाख रुपये की लागत से तीन माह की रिकार्ड अवधि में तैयार किया गया है। इस तकनीक का इस्तेमाल पहली बार किसी शिक्षण संस्थान में भवन निर्माण के लिए किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हरियाणा उद्यमी प्रोत्साहन बोर्ड की स्थापना की गई है तथा उद्यमियों और स्टार्ट-अप के लिए सभी प्रकार की अनुमति समयबद्ध रूप से करने का प्रावधान किया गया है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए संस्थापना दिवस पुराने दिनों को याद करने तथा भविष्य की योजनाओं के लिए आत्म मंथन का दिन होता है। विश्वविद्यालय भी आने वाले दिनों के लिए अहम योजनाओं पर काम कर रहा है, जिसमें विद्यार्थियों की क्षमता को पांच हजार तक ले जाने तथा नये एडवांस पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल है। इस मौके पर 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके प्रोफेसर डॉ. तिलक राज व डॉ. एमएल अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर डॉ. पूनम सिंघल, वरिष्ठ अनुदेशक धर्मवीर व मुकेश कुमार, एचओएस विकास कुमार, सहायक सतपाल व दिनेश अरोड़ा, क्लर्क शिवराज, हेल्पर अटेंडेंट पप्पी कुमार तथा ईश्वरी देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश चौहान तथा डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006


**NEWS CLIPPING: 17 & 18.09.2017**

**HINDUSTAN**




फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विवि में शनिवार की शाम फ्रेशर्स डे पर छात्रों ने भांगड़ा प्रस्तुत कर साथियों और शिक्षकों का खूब मनोरंजन किया। ● हिन्दुस्तान (देखें पेज-19)

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में देर शाम फ्रेशर्स डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# पर्व बने मिस्टर फ्रेशर और वंशिका बनी मिस फ्रेशर

**कार्यक्रम**

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार देर शाम फ्रेशर्स डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मिस फ्रेशर का खिताब वंशिका और मिस्टर फ्रेशर का खिताब पर्व गुप्ता को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्यमी तथा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र राज भाटिया ने की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए ऑल टेरेन व्हीकल को भी चलाया। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान अनुषा यादव को मिस टेक्नोक्रेट तथा कार्तिक भाटिया को मिस्टर टेक्नोक्रेट चुना गया। महिलाओं की प्रतिभावान श्रेणी में अदिति उतरेजा को और पुरुषों की प्रतिभावान श्रेणी के लिए निखिल को चुना गया।

सभी चुने गए विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थी क्लब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने भांगड़ा, पश्चिमी नृत्य, लघु नाटक का मंचन किया जिसे वहां मौजूद लोगों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये ऑल टेरेन व्हीकल को भी कार्यक्रम में प्रदर्शित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और उनके विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने वहां मौजूद लोगों को धन्यवाद दिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि और अन्य लोगों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**केंद्रीय राज्य मंत्री नहीं पहुंचे :** वाईएमसीए परिसर में 1800 फुट लंबी सड़क तैयार की है। साथ ही फुटपाथ भी तैयार है। इसका शुभारंभ देर शाम केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा करना था। वह शनिवार देर रात तक न पहुंच सके, इसलिए सड़क का उद्घाटन नहीं हो सका।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विवि में शनिवार की शाम फ्रेशर्स डे पर छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर साथियों और शिक्षकों का खूब मनोरंजन किया। ● हिन्दुस्तान